**भारत सरकार**
**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 825**
दिनांक 07 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

## वन स्टॉप सेंटर

825. **श्री अरविंद धर्मापुरीः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में कितने वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) स्थापित किए गए हैं और तेलंगाना के संबंध में विशिष्ट ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान विशेषकर निजामाबाद में स्थापित ओएससी की स्थापना और प्रचालन के लिए कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग में लाई गई है; और

(ग) तेलंगाना में ओएससी द्वारा कितनी महिलाओं को सहायता प्रदान की गई और इसके क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं?

**उत्तर**
**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**
**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क) से (ग):** वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) मिशन शक्ति के तहत संबल वर्टिकल का एक घटक है। यह निजी और सार्वजनिक दोनों स्थानों पर हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करता है। यह जरूरतमंद महिलाओं को चिकित्सा सहायता, कानूनी सहायता और सलाह, अस्थायी आश्रय, पुलिस सहायता और मनो-सामाजिक परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान करता है। देश भर में कुल 802 ओएससी कार्यशील हैं और उन्होंने शुरुआत से दिसंबर 2024 तक 10,61,337 महिलाओं की सहायता की है। तेलंगाना राज्य में निजामाबाद सहित 33 जिलों में 36 वन स्टॉप सेंटर क्रियाशील हैं। जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्रक** में दिया गया है। शुरुआत से दिसंबर, 2024 तक तेलंगाना में ओएससी द्वारा **70235** महिलाओं की सहायता की गई है।

वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए इस योजना के तहत स्वीकृत निधि और निजामाबाद जिले सहित तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा उपयोग की गई राशि के प्रतिशत का विवरण इस प्रकार है:

**(राशि लाख में)**

| क्र.सं. | राज्य | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी की गई | उपयोग की गई निधि का प्रतिशत | जारी की गई | उपयोग की गई निधि का प्रतिशत | जारी की गई | उपयोग की गई निधि का प्रतिशत |
| 01 | तेलंगाना | 945.98 | 102%* | 1,392.65 | यूसीएनआर | 1,217.41 | 81% |

* 100% से अधिक उपयोग पिछले वर्षों के दौरान जारी किए गए अनुदान के उपयोग के कारण हुआ है।

यूसीएनआर – उपयोग प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं हुआ।

**अनुलग्नक**

**'वन स्टॉप सेंटर' के संबंध में श्री अरविन्द धर्मपुरी द्वारा दिनांक 07.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 825 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक इस प्रकार है**

तेलंगाना राज्य में क्रियाशील ओएससी का जिला-वार ब्यौरा इस प्रकार है:

| क्र. संख्या | जिला | क्रियाशील ओएससी की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आदिलाबाद | 1 |
| 2 | हैदराबाद | 2 |
| 3 | जगतियाल | 1 |
| 4 | जनगांव | 1 |
| 5 | जयशंकर भूपलपल्ली | 1 |
| 6 | जोगुलाम्बा गडवाल | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | कामारेड्डी | 1 |
| 8 | करीमनगर | 1 |
| 9 | खम्मम | 1 |
| 10 | कुमुराम भीम आसिफाबाद | 1 |
| 11 | भद्राद्रि कोठागुडेम | 1 |
| 12 | महबुबाबाद | 1 |
| 13 | महबूबनगर | 1 |
| 14 | मंचेरियल | 1 |
| 15 | संगारेड्डी | 1 |
| 16 | मेडचल मल्काजगिरि | 2 |
| 17 | नगरकुरनूल | 1 |
| 18 | नलगोंडा | 1 |
| 19 | निर्मल | 1 |
| 20 | निजामाबाद | **1** |
| 21 | पेद्दापल्ली | 1 |
| 22 | राजन्ना सिरसिला | 1 |
| 23 | रंगारेड्डी | 2 |
| 24 | मेडक | 1 |
| 25 | सिद्दीपेट | 1 |
| 26 | सूर्यापेट | 1 |
| 27 | विकाराबाद | 1 |
| 28 | वानापर्थी | 1 |
| 29 | वारंगल | 1 |
| 30 | वारंगल (ग्रामीण) | 1 |
| 31 | यदाद्रि भुवनागिरी | 1 |
| 32 | मुलुगु | 1 |
| 33 | नारायणपेट | 1 |
| | **कुल** | **36** |

*****